an>

Title: Regarding issue of protection of women in the backdrop of increasing cases of rape across the country.

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : अध्यक्ष महोदया, दामिनि और निर्भया बलात्कार केस के बाद दिल्ली और देश में 35.8 प्रतिशत बलात्कार की घटनाएं बढ़ीं है। लुधियाना के जमालपुर गांव में बिहार की एक बच्ची के साथ 5 आदमियों ने बलात्कार किया और उसके बाद उसे जला दिया गया। वह 80 प्रतिशत जल गई है। उसी तरह हरियाण के अटेली में एक लड़की, जो 9 वर्ष की थी, के साथ 5 पूंजिपतियों ने ब्लेड से चीरकर उसके साथ बलात्कार किये। सरकार ने उसे 50 लाख रुपए देने की बात कही है। इस घटना के कारण लगातार हरियाण बंद रहा। उस परिवार में यह मात्र एक ही बच्ची थी, उसे मार दिया गया।

अध्यक्ष महोदया, आप खुद समझती हैं कि देश में महिलाएं कैसे असुरक्षित है? यहां की कैब घटना के बारे में गृहमंत्री जी ने जवाब दिया है। यह अतिसंवेदनशील मामला है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि दिल्ली जैसी घटना लगातार बढ़ती जा रही है। देश की राजधानी में ऐसी घटनाएं कब रूकेंगी? इस देश की महिलाएं कैसे सुरक्षित हों? 9 साल की बच्ची के साथ बलात्कार किया गया है, उसकी इंक्वायरी हो। बिहार की बच्चियों के साथ बलात्कार हुआ है, उन पर सख्त कार्रवाई हो। दिल्ली कैसे सुरक्षित हो, इसके लिए मैडम आपकी तरफ से कोई कार्रवाई हो। यह मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं।